संपादकीय

मुश्किल होती उड़ान

संस्थापक चेयरमैन नरेश गोयल के पद छोड़ने और करीब 200 करोड़ रुपये की तात्कालिक मदद पाने के बाद भी जेट एयरवेज का संकट कम होता नहीं दिख रहा। यह रकम कर्मचारियों को बीते दिसंबर महीने का वेतन देने और ईंधन का बकाया चुकाने में खप गई बताई जाती है। अभी तत्काल बाहरी मदद नहीं मिली तो उदारीकरण के दौर में आई शुरुआती उड्डयन कंपनियों में से एक जेट एयरवेज अप्रैल खत्म होते-होते पूरी तरह बैठ जाएगी।

और हां, इन दिनों सबका ध्यान जेट एयरवेज की ही तरफ है, लेकिन सचाई यह है कि देश का पूरा एविएशन सेक्टर ही पिछले कुछ वर्षों से किसी दलदल में जा फंसा है। उबरने की लाख कोशिशों के बाद भी इसका कोई न कोई हिस्सा नीचे धंसता ही जा रहा है। विजय माल्या की किंगफिशर पहले ही डूब चुकी है, लेकिन अभी चाहे इंडिगो, स्पाइस जेट और गोएयर जैसी प्राइवेट कंपनियां हों या एयर इंडिया जैसा सरकारी महारथी, लगभग सारी ही एयरलाइंस वित्तीय मोर्चे पर लगातार संघर्ष करती दिख रही हैं।

42.5 फीसदी मार्केट शेयर वाली इंडिगो की बात करें तो दिसंबर में खत्म हुई तिमाही में इसके शुद्ध मुनाफे में 75 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि इसी तिमाही में स्पाइसजेट के शुद्ध मुनाफे में 77 फीसदी की कमी आई। आलम यह है कि क्षेत्रीय एयरपोर्ट विकसित करने को लेकर दो साल पहले लॉन्च की गई स्कीम उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत निविदा भरने वाली छह एयरलाइंस अपने ऑपरेशंस बंद कर चुकी हैं। इसका नतीजा यात्रियों को फ्लाइट कैंसिलेशन और बढ़ी टिकट दरों के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

एविएशन सेक्टर की गड़बड़ियों के लिए सरकार की बदइंतजामी और मंत्रियों-अफसरों की मनमानी को जिम्मेदार ठहराते हुए भी इस हकीकत को रेखांकित करना जरूरी है कि भारत में एविएशन हाल तक सरकारी पैसों पर ही फलता-फूलता रहा, फिर चाहे वह हज सब्सिडी के रूप में मिलने वाली रकम हो या सरकारी हवाई यात्राओं का लंबा-चौड़ा बिल भुगतान हो। मामला उलझना तब शुरू हुआ, जब सरकारें इस खर्चे को लेकर सचेत हुईं और निजी कंपनियों के दखल से हवाई यात्रा आम लोगों के दायरे में आने लगी।

इस विशाल ग्राहक वर्ग को लुभाने के लिए टिकट दर कम रखने की मजबूरी और ईंधन, पार्किंग व लीज के बढ़ते खर्च के बीच संतुलन बनाना इस सेक्टर के लिए कठिन चुनौती बना हुआ है। जेट एयरवेज का ऊंट आज नहीं तो कल एक करवट बैठ जाएगा। बोइंग 737 विमानों की उड़ान बंद होने से उपजी कठिनाई भी देर-सबेर दूर कर ली जाएगी। लेकिन इस सेक्टर को फैलाव के जरिये फायदेमंद बनाने की चुनौती उसके बाद भी बनी रहेगी। याद रहे, मार्च 2019 में समाप्त हुए वित्त वर्ष में भारतीय विमान कंपनियों का कुल घाटा 1.7 अरब डॉलर होने का अनुमान है जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 55 से 70 करोड़ डॉलर के बीच रह सकता है। लेकिन फायदे में जाना अभी इस सेक्टर के लिए दूर की कौड़ी ही है।

लाखों लोगों की रिटायरमेंट की बचत डूबने वाली थी, अदालत ने दी बड़ी राहत

नई दिल्ली। अदालत ने लाखों आम निवेशकों को बड़ी राहत दी है, जिन्होंने अपने रिटायरमेंट की बचत के लिए प्राविडेंट फंड और पेंशन फंड में पैसा निवेश किया था और उनके पेंशन और पीएफ फंड ट्रस्ट ने वो पैसा आईएलएंडएफएस के बांड में लगा दिया था. गौरतलब है कि IL&FS इस समय भारी वित्तीय संकट का सामना कर रही है और निवेशकों का पैसा नहीं लौटा पा रही है.शनल कंपनी लॉ अपेलिट ट्रिब्युनल ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि कर्ज संकट का सामना कर रही IL&FS सबसे पहले पीएफ और पेंशन फंड द्वारा किए गए निवेश को

चुकाएगी. अदालत ने कहा है कि IL&FS पेंशन और पीएफ फंड द्वारा किए गए निवेश का विवरण उपलब्ध कराए और सभी चार ग्रुप कंपनियों पर इन वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय देनदारी के बारे में बताए. ये चार कंपनियां हैं- हजारीबाग रांची एक्सप्रेसवे, झारखंड रोड प्रोजेक्ट इम्पलिमेंटेशन कंपनी, मुरादाबाद बरेली एक्सप्रेसवे और वेस्ट गुजरात एक्सप्रेसवे. अदालत ने पाया कि पेंशन फंड और पीएफ द्वारा IL&FS में निवेश किया गया पैसा, निवेशकों का है. इसलिए जब भी कर्ज की अदायगी शुरू हो, सबसे पहले इनका भुगतान होना चाहिए. अदालत का ये फैसला छोटे निवेशकों के लिए बड़ी राहत है, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी रिटायरमेंट के बाद के खर्च के लिए जमा की थी. इससे पहले अदालत ने कहा कि वह IL&FS और उसकी ग्रुप कंपनियों को समाधान की प्रक्रिया में आगे बढ़ाने से नहीं रोकेगी.

एयरटेल ने किया बड़ा फेरबदल, बंद हो सकते हैं ये दो बड़े प्लान

नई दिल्ली। जियो के मार्केट में कदम रखते ही एयरटेल और वोडाफोन लगातार अपने प्लान्स में बदलाव कर रहे हैं। एक बार भी अपने यूजर्स को लुभाने के लिए एयरटेल ने अपने प्लान्स में बदलाव किया है। उम्मीद की जा रही है इस बदलाव का लोगों पर काफी असर पड़ेगा। एयरटेल के अपने 345 और 559 रुपए वालें दो प्लान्स को बंद कर दिया है। इन दोनों प्लान्स की जगह पर अब यूजर्स को 248 रुपए का प्लान दिया जाएगा। 229 रुपए वाले प्लान को हटा सकता है यह प्लानआपको बता दें कि एयरटेल के 248 रुपए वाले प्लान से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में यह 229 रुपए वाले प्लान को हटा सकता है। इस नए प्लान में यूजर्स को

प्रतिदिन 1.4 जीबी 4जी डाटा, अनलिमिटेड लोकल, एसटीडी और रोमिंग वॉइस कॉलिंग के साथ रोजाना 100 SMS फ्री दिए जाएंगे। इस प्लान की वैलिडिटी 28 दिन की होगी। एयरटेल का यह प्लान देश के सभी सर्किल्स के लिए वैलिड है। 76 रुपये वाले फर्स्ट रीचार्ज प्लान वैधता भी 28 दिनों की 248 रुपये और 495 रुपये वाले प्रीपेड रीचार्ज प्लान के अलावा Airtel के 76 रुपये वाले फर्स्ट रीचार्ज प्लान में वॉयस कॉल के लिए प्रति मिनट 60 पैसे चार्ज किए जाते हैं और 100 एमबी 2 जी/ 3 जी/ 4 जी डेटा दिया जाता है। एयरटेल के 248 रुपये वाले रीचार्ज प्लान की तरह 76 रुपये वाले रीचार्ज प्लान की भी वैधता 28 दिनों की है।

ट्विटर सीईओ को 4 सालों में पहली बार मिली सैलरी, वो भी सिर्फ 96 रुपये

नई दिल्ली। लगातार तीन साल से अब तक सभी भत्तों व लाभ को न कहने वाले ट्विटर के सीईओ जैक डोर्सी ने पिछले साल तनख्वाह में केवल 1.40 डॉलर ही लिये. अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग में कंपनी ने खुलासा किया कि ऐसा पहली बार है जब डोर्सी ने 2015 के बाद से ट्विटर से तनख्वाह ली है.

सीएनईटी ने ट्विटर की फाइलिंग के हवाले से कहा, तीन साल तक सभी भत्तों और लाभ नहीं लेने के पीछे का कारण डोर्सी के ट्विटर की दीर्घकालिक मूल्य सृजन क्षमता में उनकी प्रतिबद्धता और विश्वास को मान्यता को देता है. सीएनईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, डोर्सी की तनख्वाह ट्वीट में ट्विटर यूजरों को दी जाने वाली 140 वर्णों की सीमित संख्या के एक फीसदी के रूप में आती है. डोर्सी ने 2015 में कंपनी का नियंत्रण संभाला था.कंपनी ने 2017 के अंत में वर्णों की सीमित संख्या को 140 से बढ़ाकर 280 कर दिया था.

माल्या से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच कर रहे अधिकारी का कार्यकाल बढ़ाया गया

नई दिल्ली। भगोड़े कारोबारी विजय माल्या से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच कर रहे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी साईं मनोहर अरामने का केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में कार्यकाल बढ़ा दिया गया है. कार्मिक मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति (एसीसी) ने मध्य प्रदेश कैडर के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी अरामने के प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को अगले वर्ष 16 जनवरी तक बढ़ाये जाने को मंजूरी दे दी है.

अरामने को 17 जुलाई, 2018 से इस वर्ष अप्रैल तक विस्तार दिया गया था. वह इस समय विशेष जांच दल (एसआईटी) में संयुक्त निदेशक है. दो अन्य सीबीआई अधिकारियों को जांच एजेंसी में संयुक्त निदेशकों के रूप में पदोन्नत किया गया है. दोनों अधिकारी डी एस शुक्ला और रामनिश उप-महानिरीक्षक स्तर के पद पर कार्यरत हैं. शुक्ला दिल्ली में विशेष अपराध शाखा में कार्यरत है. रामनिश गांधीनगर में तैनात है.

फेसबुक और गूगल पर आपत्तिजनक ऑनलाइन सामग्री पर कार्रवाई के लिए बढ़ा दबाव



नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों फेसबुक और गूगल पर सोमवार को यूरोप में उस समय दबाव बढ़ गया जब देशों ने सख्त नियमों का प्रस्ताव दिया, ताकि इन इंटरनेट कंपनियों को आतंकवादी प्रोपैगैंडा और चाइल्ड पोर्न जैसी सामग्री ब्लॉक करने के लिए विवश किया जा सके.ब्रिटेन ने सोशल मीडिया के लिए अपनी तरह की पहली निगरानी संस्था बनाने का आह्वान किया जो अधिकारियों पर जुर्माना लगा सके और यहां तक कि कंपनियों पर प्रतिबंध लगा सके. यूरोपीय संघ संसदीय समिति ने एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिससे इंटरनेट कंपनियों को आतंकवाद से जुड़ी सामग्री हटाने या जुर्माने का सामना करने का प्रावधान है. इन पर अरबों डॉलर/पाउंड तक का जुर्माना लग सकता है.

ब्रिटेन के गृह सचिव साजिद जावेद ने कहा, हम इन कंपनियों को हमेशा के लिए अपने काम को ठीक करने के लिए मजबूर कर रहे हैं.

आज का राशिफल

मेषः धन संग्रह करने में कुछ बाधाएं आ सकती हैं। साथ ही आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। मित्रों के सहयोग से समस्या का समाधान हो सकेगा।

वृषभः जल्दबाजी में कोई काम न करें। आप विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। व्यापार में लाभकारी परिवर्तन हो सकते हैं।

मिथुनः इस समय आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है और कठिन परिश्रम के बाद व्यापार अच्छा चलेगा। जीवनसाथी के व्यवहार में अनुकूलता रहेगी।

कर्कः धनार्जन के अवसरों में वृद्धि होगी। एक से अधिक प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं। स्थायी संपत्ति की प्राप्ति के भी योग हैं।

सिंहः जो लोग विदेशी व्यापार में कार्यरत हैं या विदेशी स्रोतों के द्वारा कार्य कर रहे हैं उनके लिए समय बेहतर है, पूर्ण रूप से यह समय आप के लिए एक भाग्यशाली अवधि है।

कन्याः यह समय आर्थिक रूप से भाग्यशाली रहेगा। आप विभिन्न स्रोतों के माध्यम से पैसा कमा सकते हैं। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

तुलाः इस अवधि के दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। बोलचाल में कटुता न आने दें।

वृश्चिकः आपको अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। बुद्धि चातुर्य से अनेक कठिनाइयां दूर हो सकेंगी।

धनुः आप अपने काम के स्थान पर आदर और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। कार्य व्यवसाय में आशातीत सफलता मिल सकेगी।

मकरः आप किसी मुसीबत में फंस सकते हैं आपको विश्वासघात करने के कारण सजा भी मिल सकती है। स्थायी संपत्ति य करने में जल्दी न करें।

कुंभः आपके व्यक्ति त्व में आकर्षण का भाव है इस कारण लोग आपसे जल्द ही प्रभावित हो जाते। परिचय क्षेत्र का विस्तार होगा।

मीनः आपको स्वास्थ्य से संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखने की आवश्यकता है।

दीन में परमात्मा

एक बालक नदी में नहा रहा था। अचानक उसका पैर फिसला और वह तेज पानी के बहाव में फंस गया। एक महात्मा वहां बैठे जप कर रहे थे, किन्तु उन्होंने यह देखकर भी आंखें बंद कर लीं। संत ज्ञानेश्वर उसी रास्ते से जा रहे थे। बच्चे को डूबता देखकर वे तुरंत नदी में कूद पड़े और उसे किनारे ले आये। जप करते हुए महात्मा से संत ज्ञानेश्वर ने पूछा, क्या आपको प्रभु के दर्शन हुए? महात्मा ने कहा, नहीं। संत ज्ञानेश्वर ने कहा, उठो! पहले दीन-दुखियों की सहायता करो, प्रभु अपने आप मिल जायेंगे। महात्मा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था।

हितों के टकराव का मामला: दिल्ली कैपिटल्स के डगआउट में बैठ सकते हैं गांगुली

नई दिल्ली। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के अध्यक्ष सौरव गांगुली को उनके खिलाफ हितों के टकराव की शिकायत के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम दिल्ली कैपिटल्स के डगआउट में बैठने से नहीं रोका जाएगा, लेकिन उन्हें इस मामले में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लोकपाल के सामने स्वयं उपस्थित होना पड़ सकता है। गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के सलाहकार हैं जिसे 12 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खेलना है। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) डी. के. जैन इस मामले में अंतिम फैसला देने से पहले इस पूर्व भारतीय कप्तान का पक्ष सुनना चाहते हैं। कोलकाता के तीन प्रशंसकों भासवती सांतुआ, रणजीत सील और अभिजीत मुखर्जी ने बीसीसीआई लोकपाल डी. के. जैन को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि पूर्व भारतीय कप्तान की दोहरी भूमिका हितों के टकराव के अंतर्गत आती है।

चेन्नई को हरा सुपर कप के फाइनल में पहुंची एफ सी गोवा

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबाल क्लब एफ सी गोवा ने सोमवार को कलिंगा स्टेडियम में खेले गए सुपर कप के पहले सेमीफाइनल मैच में चेन्नई सिटी एफसी को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से मात दे फाइनल में प्रवेश कर लिया है. एफ सी गोवा के लिए फेरान कोरोमिनास ने दो और ब्रेंडन फर्नांडेज ने एक गोल किया. एफ सी गोवा ने अपनी ख्याति के अनुरूप तेज शुरुआत की और चेन्नई सिटी एफसीको बैकफुट रखा. कोरोमिनास ने शुरुआती मिनटों में ही गोल करने की तेजी दिखाई.

लगातार 6 मैच हारने वाले कोहली के बचाव में उतरे कोच

नई दिल्ली। बेंगलुरू के लगातार छह मैचों में हार के कारण विराट कोहली की कप्तानी पर सवाल उठने लग गए हैं. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन जैसे दिग्गज उन्हें आराम देने की सलाह दे रहे हैं.

ऐसे मौके पर विराट के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा उनके बचाव में आए हैं. उन्होंने आईपीएल के प्रदर्शन के आधार पर आकलन करने को गलत करार दिया और कहा कि इस स्टार बल्लेबाज को विश्व कप से पहले आराम की जरूरत नहीं है.

केकेआर का जीत हासिल करने के बाद दीपक चाहर ने इस शख्स को दिया क्रेडिट, मैच के बाद कही ये बात

नई दिल्ली। आईपीएल 2019 में सबसे ताकतवर टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ एकतरफा जीत हासिल करने के बादमहेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपरकिंग्स के हौंसले बुलंद है. कोलकाता पर जीत हासिल करने के साथ ही चेन्नई सुपरकिंग्स एक बार फिर से पॉइंट्स टेबल में टॉप पर आ गई है. दिनेश कार्तिक के प्लान और आंद्रे रसेल के तूफान पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने से मिली जीत के बाद महेंद्र सिंह धोनी ने पूरी टीम की तारीफ की. टॉस हारकर बल्लेबाजी करने आई कोलकाता की टीम को पहले ही ओवर में झटका देने वाले चेन्नई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने मैच के बाद अपनी शानदार गेंदबाजी का श्रेय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को दिया.

दीपक चाहर ने मैच के बाद कहा कि वह जब चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं तो वे अपनी गेंदबाजी के बारे में चर्चा करते हैं. चाहर ने मंगलवार को कोलकाता के खिलाफ खेले गए मैच में केकेआर के 3 बल्लेबाजों को आउट कर पवेलियन के लिए रवाना किया था. चाहर ने अपने 4 ओवर में 20 देकर 3 विकेट लिए थे. चाहर ने क्रिस लिन, रॉबिन उथप्पा और नीतीश राणा का विकेट लिया था. उनकी दमदार गेंदबाजी की वजह से कोलकाता का टॉप ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया था, जिसके बाद आंद्रे रसेल को छोड़कर उनका कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना सका. धारदार गेंदबाजी के लिए चेन्नई के दीपक चाहर को मैन ऑफ द मैच चुना गया. कोलकाता पर जीत हासिल करने के बाद चाहर ने कहा, मैं जानता था कि हम चेन्नई में बहुत सारे मुकाबले खेलेंगे. इसलिए मैंने स्लोअर बॉल और यॉर्कर पर काम किया. मैं ड्रेसिंग रूम में धोनी के साथ बहुत समय बिताता हूं और टेबल टेनिस खेलते समय उनसे बहुत कुछ सीखता हूं.

मैगी के क्रिस्पी पकोड़े बनाने की विधि जानिए

मैगी तो आपने तो आपके बच्चों ने खूब खाई होगी। लें क्या कभी मैगी के ि स्पी पकोड़े खाएं हैं। नहीं खाये होंगे तो आज हम आपको यही स्पेशल रेसिपी बताने वाले हैं जिसे आप रो आपके बच्चे बहुत ज्यादा पसंद करेंगे। मैगी पकौड़ों का टेस्ट सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं शाम की चाय का साथ देने के लिए बहुत ज्यादा अच्छा सैक्स है जो 2 से 3 मिनट में सरलतासे तैयार हो जाता है। तो अगर बहुत समय से कुछ अच्छा नहीं खाया है तो जरूर ट्राय करें ये क्रिस्पी मैगी रेसिपी।

सामग्री -

मैगी- 1 पैकेट, सूजी- 2 टेबलस्पून, बेसन- 2 टेबलस्पून, प्याज, शिमला मिर्च व गोभी (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर- एक छोटा चम्मच, हरा धनिया- आधा कप, नमक-स्वादानुसार, पानी

विधि -

पैन में पानी गर्म होने के लिए रख दें अब इसमें मैगी मसाला डालें व इसे पानी में मिक्स होने दें। अच्छे से मिक्स होने के बाद इसमें मैगी डाल दें व हल्का पका लें। मैगी को काफी देर तक पानी में नहीं रखना है। अब इसे ठंडा होने के लिए रख दें। ठंडा होने के बाद इसमें बारीक कटी प्याज, गोभी, शिमला मिर्च, हरी धनिया, लाल मिर्च पाउडर, सूजी व स्वादानुसार नमक मिलाएं। सूजी पकौड़ों को ि स्पी बनाती है। अब पकौड़े के मिलावट में 2 टेबलस्पून बेसन मिलाएं व थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए पकौड़े का मिक्सचर तैयार कर लें। कढ़ाई को गैस पर गर्म होने के लिए रख दें। अब मिलावट के छोटे-छोटे भाग कर ऑयल में अच्छे से फ्राई कर लें। हल्का गोल्डेन ब्राउन करके टिश्यू पेपर में निकाल लें जिससे ज्यादा तेल एब्जॉर्ब हो जाएं। बस इसे हरी धनिया व टमाटर की चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-30

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 29 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	ख्वि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू-30

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.29 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3